Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ चित्तौड़गढ़ में पटवारी 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, *14 अप्रेल, रविवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई द्वारा आज रावतभाटा, चित्तौड़गढ़ में कार्यवाही करते हुये **रविन्द्र कुमार पटवारी पटवार हल्का श्रीपुरा, भैंसरोड़गढ़ तहसील रावतभाटा, जिला चित्तौड़गढ़** को परिवादी से **5 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट कोटा, इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि काश्तकारी खाते में उसके नाम के शुद्धीकरण की एवज में आरोपी रविन्द्र कुमार पटवारी पटवार हल्का श्रीपुरा, भैंसरोड़गढ़ तहसील रावतभाटा, जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा **5 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कल्याणमल मीणा** के सुपरविजन में एसीबी स्पेशल यूनिट, कोटा इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकुल शर्मा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी रविन्द्र कुमार पटवारी पटवार हल्का श्रीपुरा, भैंसरोड़गढ़ तहसील रावतभाटा, जिला चित्तौड़गढ़ को परिवादी से **5 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**